सेवा में,

डॉ० जी० के० मंडल,
बिहार राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद,
पटना ।

विषयः– श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालन के संबंध में ।

प्रसंगः– पत्रांक – B-1620 दिनांक – 05.05.2026 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र B-1620 दिनांक – 05.05.2026 के संदर्भ में सविनय निवेदन है कि श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल का संचालन अभी तक नहीं हो पाया है ।

पूर्व में हॉस्पिटल संचालन हेतु आवश्यक अनुमति के लिए सिविल सर्जन कार्यालय में आवेदन किया गया था, किन्तु निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आवेदन अभी तक लंबित है ।

अब हॉस्पिटल भवन निर्माण एवं अन्य आवश्यक तैयारियाँ अंतिम चरण में है । अतः मैं आपको अस्वस्त करता हूँ कि आगामी एक या दो माह के भीतर बढ़ी हुई बेड क्षमता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित बिहार राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद के सामने पुनः नया आवेदन प्रस्तुत कर दिया जायेगा ।

अतः निवेदन है कि उपर्युक्त तथ्यों को अभिलेख पर लेते हुए हमें आवश्यक सहयोग प्रदान करने की कृपा करें ।

भवदीय

अभय कुमार
डायरेक्टर
श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
मो०:– 7004820900